# खेल एक नज़र में

## 10 साल बाद भारतीय रेसलर ने जीती डब्ल्यू डब्ल्यू ई चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** 10 साल बाद एक भारतीय ने फिर से डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप को अपने नाम कर लिया है। भारतीय मूल के पहलवान जिंदर महल ने रविवार को रैंडी ऑर्टन को हराकर डब्ल्यूडब्ल्यूई बैकलेश चैम्पियनशिप जीत ली है। इसी के साथ कनाडा के नागरिक जिंदर भारतीय मूल के ऐसे दूसरे रेसलर बन गए हैं, जिन्होंने इस चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया है, उनसे पहले 2007 में द ग्रेट खली ने वर्ल्ड हैवीवेट चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया था। जिंदर इस खिताब की दौड़ में पसंदीदा नहीं थे, इसलिए जैसे ही उन्होंने रैंडी ऑर्टन जैसे धुरंधर हुए रेसलर को हराकर यह खिताब जीता तो लोग हैरान रह गए। जिंदर महल भले ही कनाडाई हैं, लेकिन

**जिंदर महल ने रैंडी ऑर्टन को हराया**

उन्होंने हमेशा अपनी भारतीय पहचान को जाहिर किया है। वह पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूई में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व महसूस होता है, उन्होंने कहा था कि मैं अपने भारतीय फैन्स को हमेशा मुझे सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद देता हूं। चैंपियनशिप जीत के बाद

जिंदर महल काफी खुश दिखे, उन्होंने कहा कि अब मुझे कोई नहीं रोक सकता है, मैं सभी को बताना चाहता हूं कि ये चैंपियनशिप बेल्ट लंबे वक्त तक मेरे पास ही रहेगी। बता दें कि रविवार को हुए जिंदर महल व रैंडी ऑर्टन के बीच मुकाबले को देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक इकट्ठा हुए थे, जहां कई दर्शक जिंदर की जीत से खुश नजर आए तो वहीं कई रैंडी ऑर्टन की हार से आश्चर्यचकित भी हुए।

## एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर पीएम मोदी ने बजरंग को दी बधाई

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर आज पहलवान बजरंग पूनिया को बधाई दी और कहा कि देश को उनकी इस उपलब्धि पर गर्व है। मोदी ने ट्वीट किया, एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के लिए बजरंग पूनिया को बधाई... भारत को उनकी इस बेहतरीन उपलब्धि पर बेहद गर्व है।

## न्यूजीलैंड में भारत की लगातार पांचवीं हार

**हेमिल्टन:** भारत की महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बिना कोई मैच जीते स्वदेश लौटेगी। भारतीय टीम को शनिवार को खेले गए अंतिम मैच में 2-6 से हार मिली। इस तरह भारत ने यह सीरीज 0-5 से गंवा दी।

## पुरूष टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीता



**शंघाई।** भारतीय पुरूष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व कप के पहले चरण में कोलंबिया को फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया, भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, चिन्ना राजू श्रीथर और अमनजीत सिंह शामिल थे। जिन्होंने कोलंबिया को 226-221 से मात दी।

## मुंबई ने जीता आईपीएल 10 का खिताब, लेकिन सचिन तेंदुलकर हुए दिल्ली के ऋषभ के दीवाने



**नई दिल्ली:** मुंबई इंडियंस ने पुणे को हैदराबाद में खेले गए आईपीएल-10 के रोमांचक फाइलन मुकाबले में 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज कर आईपीएल का खिताब तीसरी बार अपने नाम कर लिया। इस जीत के बाद दिग्गज बल्लेबाज और मुंबई इंडियंस के मेंटर सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल 10 में अपनी टीम की खिताबी जीत को शानदार करार दिया। तेंदुलकर ने मैच के बाद कहा, शानदार बेहतरीन जीत, हम बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन हमने सकारात्मक सोच रखी और इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया। दबाव की परिस्थितियों में हमने शानदार गेंदबाजी और अच्छा क्षेत्ररक्षण किया। मुंबई इंडियंस की टीम ने आईपीएल का खिताब तो अपने नाम कर लिया लेकिन उनके मेंटर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर तो दिल्ली के इस युवा खिलाड़ी के फैन हो गए। सचिन ने दिल्ली डेयर डेविल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की प्रतिभा को बेहद खास माना। आई पी एल 10 में दिल्ली डेयरडेविल्स की ओर से कुछ तूफानी पारियां खेलने वाले पंत की तारीफ में सचिन ने कहा कि मुझे यह खिलाड़ी युवराज सिंह और सुरेश रैना का मिला-जुला रूप नजर आता है। पंत की तारीफ करते हुए सचिन ने कहा कि पिता को मौत जैसी व्यक्तिगत क्षति के बाद खेलना बेहद कठिन होता है। मैं वर्ष 1999 में ऐसी मुश्किल स्थिति का सामना कर चुका हूं। ऋषभ पंत को आई पी एल10 में ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा। आपको ऐसी स्थिति से उबरने के लिए समर्थन की जरुरत होती है। वैसे 19 साल के पंत की इस पारी के बावजूद दिल्ली को मैच में हार का सामना करना पड़ा था। ऋषभ पंत ने टूर्नामेंट के 14 मैचों में 366 रन बनाए जिसमें 97 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा, ऋषभ की इस पारी के बाद सचिन ने उनके लिए ट्वीट भी किया था।

## आरपीएस के कप्तान स्मिथ ने कहा, दो सालों में आईपीएल से बहुत कुछ सीखा है।



एक रोमांचक मैच में आरपीएस को मुंबई ने राइजिंग पुणे सुपरजाएंट को केवल एक रन से हरा दिया था।

## बीसीसीआई ने सुरक्षा बुलाई

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में आतंकी हमले के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वहां जाने वाली टीम इंडिया की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बीसीसीआई के कार्यकारी अध्यक्ष सी के खन्ना ने एबीपी न्यूज से बातचीत में कहा है कि ब्रिटेन दौरे के दौरान खिलाड़ियों की सुरक्षा के तगड़े इंतजाम रहेंगे। आपको बता दें, कि ब्रिटेन के मैनचेस्टर शहर में अमेरिकी स्टार एरियाना ग्रांडे के पॉप कॉन्सर्ट के दौरान हुए आतंकी हमले में 19 लोगों की मौत हो गई है और तकरीबन 50 अन्य लोग घायल हुए हैं। जहां हमला हुआ वहां अमेरिकी पॉप स्टार एरियाना ग्रांडे का कॉन्सर्ट चल रहा था। टीम इंडिया चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए कल रात को लंदन रवाना होगी, टीम इंडिया के रवाना होने से एक दिन पहले हुए इस हमले के बाद भारतीय टीम की सुरक्षा को लेकर टीम मैनेजमेंट की चिंता बढ़ गई है, इसी के मद्देनजर आज टीम की सुरक्षा को लेकर बीसीसीआई एक बैठक करने जा रही है, जिसमें इंग्लैंड दौरे पर टीम की सुरक्षा पर चर्चा की जाएगी। चैम्पियंस ट्रॉफी की शुरुआत एक जून से होगी लेकिन भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 4 जून को पाकिस्तान से खेलेगी। इसके अलावा टीम इंडिया को दो वॉर्म-अप मैच भी खेलने हैं।

## राष्ट्रीय खेल महासंघों में भी लोढा समिति जैसे पैनल की जरूरत - सुशील कुमार

**नई दिल्ली:** भारत के श्रेष्ठ पहलवान और दो बार ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार का मानना है कि बीसीसीआई को पाक साफ करने के लिये जिस तरह जस्टिस आर एम लोढा की अध्यक्षता वाली समिति बनाई गईए उसी तरह की समितियों की जरूरत राष्ट्रीय खेल महासंघों में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के लिये है। दिल्ली में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड आर.एस.पी.बी. द्वारा आयोजित खेल कांक्लेव के मौके पर उन्होंने कहा - राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये भी एक लोढा समिति होनी चाहिये। इससे महासंघों में जवाबदेही और पारदर्शिता बढेगी, कोचों को जवाबदेह होना होगा। हमें स्तरीय कोचों की जरूरत है। पांच बार की विश्व चैम्पियन एम सी मेरीकाम ने स्तरीय सहयोगी स्टाफ के अभाव की बात कही। उन्होंने कहा मुझे याद है कि हमारे पास एक मुक्केबाजी कोच था, कुछ दिन बाद मैने उनके बारे में जानना चाहा तो पता चला कि उनके पास बास्केटबाल या फुटबाल में एनआईएस डिग्री है, बाद में उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार भी मिला। जिम्नास्ट दीपा करमाकर के कोच बिश्वेश्वर नंदी ने कहा पिछले चार साल से जिम्नास्टिक की कोई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप नहीं हुई क्योंकि दो संघ भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ की नुमाइंदगी का दावा करते हैं, इसके लिये कौन जिम्मेदार है। यानि भारतीय खेल प्राधिकरण को धन्यवाद कि हमारे पास अभ्यास की उचित सुविधायें हैं। आर एस पी बी सचिव रेखा यादव ने परिचर्चा में कहा हमें स्वीकार करना होगा कि तमाम खामियों के बावजूद बी सी सी आई के पास बेहतरीन बुनियादी ढांचा है।

## ICC Champions Trophy 2017 Schedule & Time Table

| Date/Day | Match | Venue | Time (GMT/Local) |
|---|---|---|---|
| Jun 01, Thu | England vs Bangladesh | London | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 02, Fri | Australia vs New Zealand | Birmingham | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 03, Sat | Sri Lanka vs South Africa | London | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 04, Sun | India vs Pakistan | Birmingham | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 05, Mon | Australia vs Bangladesh | London | 12:30 PM/01:30 PM |
| Jun 06, Tue | England vs New Zealand | Cardiff | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 07, Wed | Pakistan vs South Africa | Birmingham | 12:30 PM/01:30 PM |
| Jun 08, Thu | India vs Sri Lanka | London | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 09, Fri | New Zealand vs Bangladesh | Cardiff | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 10, Sat | England vs Australia | Birmingham | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 11, Sun | India vs South Africa | London | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 12, Mon | Sri Lanka vs Pakistan | Cardiff | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 14, Wed | 1ST SEMI-FINAL | Cardiff | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 15, Thu | 2ND SEMI-FINAL | Birmingham | 09:30 AM/10:30 AM |
| Jun 18, Sun | FINAL | London | 09:30 AM/10:30 AM |

## आशीर्वाद लेने के लिए IPL ट्रॉफी को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर लाया गया!

**नई दिल्ली:** बैट्समैन कुणाल पंड्या की विषम परिस्थितियों में खेली गयी 47 रन की पारी और मिशेल जॉनसन की अगुवाई वाले आक्रमण की शानदार गेंदबाजी से मुंबई इंडियन्स ने यहां रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे कम स्कोर वाले फाइनल में राइजिंग पुणे सुपरजाइंट को एक रन से हराकर तीसरी बार आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मुंबई के पांच बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें से कृणाल पंड्या, 38 गेंदों पर 47 और कप्तान रोहित शर्मा 22 गेंदों पर 24 रन ही 20 रन की संख्या को छू पाये। आईपीएल10 की ट्रॉफी को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर ले जाया गया। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों में जीत के बाद उत्साह देखने लायक था। मुंबई इंडियंस की टीम ने तीसरी बार आईपीएल जीतकर रविवार को इतिहास बनाया, इस शानदार जीत के अगले दिन ही सोमवार को आईपीएल 10 की ट्रॉफी को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर ले जाया गया। आईपीएल ट्रॉफी को वहां ले जाने का उद्देश्य जीत के बाद आशीर्वाद लेने के लिए बताया जा रहा है। मुंबई का यह मंदिर काफी प्रसिद्धि है और इसकी श्रद्धालुओं के बीच बहुत मान्यता है। यहां कई मशहूर हस्तियां अक्सर ही पूजा के लिए पहुंचती हैं। टीम की मालकिन नीता अंबानी और मेंटर सचिन तेंदुलकर का भी सिद्धिविनायक मंदिर से खास लगाव रहा है और दोनों ने कई बार यहां पूजा की है। मुंबई इंडियंस की टीम को 1 रन से जीत मिली। रविवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस की टीम को 1 रन से जीत मिली। राइजिंग पुणे सुपरजायंट को आखिरी गेंद तक चले मैच में हार का सामना करना पड़ा, इससे पहले पुणे ने इस सीजन के दोनों लीग मैचों और पहले क्वॉलिफायर मुकाबले में मुंबई को मात दी थी, आखिरकार मुंबई ने उन 3 हार का बदला ले ही लिया, मुंबई इंडियंस की टीम इससे पहले 2013 और 2015 में भी आईपीएल चैंपियन बन चुकी है, इस सीजन की शुरुआत से ही मुंबई ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया और लीग मैचों में उसे सिर्फ 2 बार हार का सामना करना पड़ा।

# Business News / बिजनेस न्यूज

## जीएसटी का आप पर क्या पड़ेगा प्रभाव, कौन-सी चीजें होंगी सस्ती




**श्रीनगर।** बहुप्रतीक्षित वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) एक जुलाई 2017 से लागू होने पर अनाज, टूथपेस्ट, हेयर ऑयल, साबुन और कोयला जैसी वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं। रोजमर्रा की जरूरत की चीजें सस्ती होने से न सिर्फ आम लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि कोयले के सस्ते होने से बिजली उत्पादन की लागत भी कम होगी। इसके उलट सोना, चांदी और महंगी कारें जैसी अमीरों के इस्तेमाल की वस्तुएं जीएसटी लागू होने पर महंगी हो सकती हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की गुरुवार को यहां दो दिवसीय बैठक के पहले दिन विभिन्न वस्तुओं को जीएसटी की प्रस्तावित चार दरों- 5 फीसद, 12 फीसद, 18 फीसद और 28 फीसद की दर में फिट किया गया। कुल 1,211 वस्तुओं में से छह को छोड़कर शेष सभी पर काउंसिल ने मंजूरी दे दी है। हालांकि बीड़ी पर कितना जीएसटी लगेगा, इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। काउंसिल दूसरे दिन की बैठक में सेवाओं पर जीएसटी की दरें तय करेगी। जीएसटी की दरों को इस तरह तय किया गया है कि आगामी एक जुलाई से जब यह ऐतिहासिक कर सुधार लागू हो तो इससे महंगाई न बढ़े। यही वजह है कि 81 फीसद वस्तुओं पर जीएसटी की 18 फीसद या उससे कम दर से टैक्स लगाने का फैसला किया गया है। इनमें ज्यादातर वस्तुएं आम लोगों के इस्तेमाल की हैं। चीनी, चाय, काफी (इंस्टेंट काफी के बिना) और खाद्य तेल को पांच फीसद की दर में रखा गया है जो कि जीएसटी की न्यूनतम दर है। इसी तरह गेहूं, चावल सहित अनाज व दूध-दही जैसी आवश्यक वस्तुओं को जीएसटी से छूट दी गई है। ऐसे ही मध्य वर्ग के इस्तेमाल की चीजों जैसे टूथपेस्ट, हेयर ऑयल और साबुन पर 18 फीसद जीएसटी लगेगा। इन पर फिलहाल केंद्र और राज्यों का मिलाकर 22 से 24 फीसद टैक्स लगता है। वैसे, मिठाई पर पांच फीसद जीएसटी लगेगा। इसी प्रकार उद्योगों के लिए जरूरी कोयला पर मात्र पांच फीसद जीएसटी लगाने का फैसला किया गया है। फिलहाल इस पर करीब 11.69 फीसद टैक्स लगता है। शीतल पेय पर 28 फीसद जीएसटी लगेगा, जबकि छोटी कारों पर एक फीसद सेस, मिड साइज कारों पर तीन फीसद सेस तथा लक्जरी कारों पर 15 फीसद टैक्स लगेगा। सोने पर राज्यों ने चार फीसद जीएसटी लगाने की मांग की है जो जीएसटी की प्रस्तावित चार दरों से अलग है। एसी, रेफ्रिजरेटर को 28 फीसद की श्रेणी में रखा गया है। जीवन रक्षक दवाओं पर पांच फीसद जीएसटी लगेगा। वित्त मंत्री का कहना है कि जीएसटी लागू होने पर महंगाई पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कई वस्तुओं पर फिलहाल केंद्र और राज्यों का मिलाकर 33 फीसद कर लगता था जिसे घटाकर 28 फीसद पर लाया गया है। साथ ही इससे राज्य व केंद्र सरकार की परोक्ष करों से होने वाली आय में भी बढ़ोतरी होगी। काउंसिल की यह 14 वीं बैठक है। जीएसटी काउंसिल की बैठक पहली बार श्रीनगर में हुई है। काउंसिल की बैठक के दूसरे दिन विभिन्न सेवाओं पर जीएसटी की दरें तय करने के साथ ही सोना-चांदी जैसी महंगी वस्तुओं, फुटवियर और बीड़ी पर जीएसटी की प्रस्तावित दर पर चर्चा की जाएगी।

## खराब ऋण, बैड लोन की वसूली में तेजी

### आर.बी.आई. अगले 15 दिनों में जारी करेगा एन.पी.ए. अध्यादेश के लिए दिशानिर्देश




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक,आर बी आई, अगले पखवाड़े के भीतर एनपीए अध्यादेश को संचालित करने के लिए दिशानिर्देशों को जारी कर सकता है। ताकि खराब ऋण, बैड लोन की वसूली में तेजी लाई जा सके। गौरतलब है कि बैड लोन, एनपीए का आंकड़ा आठ लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए तैयार किए गए फ्रेमवर्क में एनपीए से संबंधित मुद्दों की पहचान के लिए एक अलग प्रकोष्ठ का गठन करना शामिल है। साथ ही इसमें निपटान प्रक्रिया के लिए एक निश्चित समयसीमा का प्रावधान भी होगा। यह समयसीमा 60 से 90 दिन की हो सकती है। रिजर्व बैंक एक विशेष प्रकोष्ठ के गठन पर भी विचार कर रहा है, जो किसी कंपनी के पुनरोद्धार या अधिग्रहण से संबंधित मामलों की पहचान करेगा। केंद्र सरकार की ओर से आरबीआई को बैंकों को दीवाला एवं शोधन की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार दिए जाने के बाद केंद्रीय बैंक ने एनपीए निपटान से जुड़े करीब 50 ऐसे मामलों की पहचान की है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आधिकारिक बयान में कहा गयाए ऐसे मामले जिनकी पहले से ही संयुक्त उधारदाताओं फोरम, जेएलएफ, की ओर से जांच की जा चुकी है, लेकिन उसके बाद वो तार्किक निष्कर्ष तक नहीं पहुंचे हैं। रिर्जव बैंक ऐसे मामलों को उठाएगा और बैंकों से उनके निपटाने को कहेगा।

## सेंसेक्स में 100 अंक से ज्यादा की बढ़त

**नई दिल्ली।** दिनभर के उचार चढ़ाव के बाद भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए हैं। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 106 अंक की बढ़त के साथ 30570 के स्तर पर और निफ्टी 10 अंक की तेजी के साथ 9438 के स्तर पर कारोबार कर बंद हुआ है। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज पर मिडकैप,1.12 फीसद और स्मॉलकैप, 1.82 फीसद की कमजोरी के साथ बंद हुए है।

## सोने पर दो फीसद की दर से हो जीएसटी सर्राफा

**नई दिल्ली ।** जीएसटी व्यवस्था के तहत सोना और आभूषणों पर कर की दर को लेकर असमंजस की स्थिति के बीच सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि यदि सरकार वास्तव में सोने के कारोबार में पारदर्शिता कायम रखना चाहती है तो उसे इस बहुमूल्य धातु के लिए ऊंची दर तय नहीं करनी चाहिए, अन्यथा क्षेत्र का कारोबार गड़बड़ा सकता है। सर्राफा कारोबारियों ने सोने और आभूषणों के कारोबार पर दो फीसद की दर से विशेष जीएसटी लगाने की मांग की है। इससे पारदर्शिता बने रहने के साथ साथ राजस्व भी बढ़ेगा। उनका कहना है कि यदि पांच फीसद की ऊंची दर से जीएसटी लगाया जाता है तो इससे कर अपवंचना टैक्स चोरी को बढ़ावा मिल सकता है, क्योंकि ग्राहक बिल नहीं लेने पर दबाव डाल सकते हैं। वित्त मंत्री अरूण जेटली की अगुवाई वाली वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी परिषद ने जीएसटी प्रणाली के तहत ज्यादातर वस्तुओं के लिए कर दरें तय कर दी हैं। लेकिन सोने और आभूषणों पर दर को अभी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। माना जा रहा है कि परिषद की अगली बैठक में सोने पर जीएसटी दर को अंतिम रूप दिया जाएगा। सोने पर चार से पांच फीसद की विशेष दर से जीएसटी लगाये जाने की चर्चा है। सोने पर फिलहाल एक फीसद मूल्यवर्धित कर वैट, एक फीसद उत्पाद शुल्क लगता है। वहीं दस फीसद सीमा शुल्क भी यदि इसमें जोड़ा जाए, तो कर की कुल दर 12 फीसद हो जाती है। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष एवं नेमीचंद बमाल्वा एंड संस, कोलकाता के संस्थापक बच्छराज बमाल्वा ने भाषा से बातचीत में कहा, हम वित्त मंत्री से सोने पर जीएसटी दर 2 फीसद के आसपास रखने की मांग कर रहे हैं। यदि इससे ऊंची दर रखी जाती है, तो सर्राफा का संगठित क्षेत्र प्रभावित होगा, साथ ही इस क्षेत्र में पारदर्शिता भी प्रभावित होगी। बमाल्वा ने कहा कि वैसे तो इस समय सोने पर एक फीसद वैट और एक फीसद उत्पाद शुल्क लगता है। लेकिन ज्यादातर सर्राफा कारोबारी सालाना कारोबार की छूट सीमा में आते हैं, ऐसे में वास्तविक दर 1.2 प्रतिशत ही बैठती है। इस स्थिति में यदि सोने पर चार या पांच फीसद की ऊंची दर से जीएसटी लगता है तो निश्चित रूप से ग्राहक बिल नहीं देने के लिए दबाव डालेगा। इससे जहां सरकार को राजस्व का नुकसान होगा, वहीं बिलिंग नहीं होने से पारदर्शिता भी प्रभावित होगी। इन अटकलों पर कि सरकार सोने पर जीएसटी को सीमा शुल्क के साथ मिला सकती है, जिसमें आयात शुल्क को 10 फीसद से कम किया जा सकता है और जीएसटी दर ऊंची रखी जा सकती है, पर बमाल्वा ने कहा कि यह अच्छा विकल्प नहीं होगा, क्योंकि सीमा शुल्क को ग्राहक नहीं देखता हैए उसका भुगतान आयात के समय किया जाता है। दिल्ली बुलियन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल गोयल ने भी कहा कि सर्राफा कारोबारी दो फीसद तक जीएसटी के लिए तैयार हैं, लेकिन यदि इसे चार या पांच फीसद रखा जाता है, तो सोने पर सीमा शुल्क के साथ कुल दर 14.15 फीसद हो जाएगी। ऐसे में निश्चित रूप से कारोबार प्रभावित होगा। हालांकि, गोयल का मानना है कि यदि सरकार जीएसटी दर को ऊंचा रखना चाहती हैए तो उसे आयात शुल्क को 10 से घटाकर 7.8 फीसद पर लाना चाहिए। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी फेडरेशन के उत्तर भारत के चेयरमैन विजय खन्ना ने कहा कि अभी सोने पर वास्तविक दर सिर्फ 1.2 फीसद ही है। उद्योग में करीब 90 फीसद छोटे कारोबारी है जिससे उन पर एक फीसद का उत्पाद शुल्क लागू नहीं होता है। खन्ना ने कहा कि कारोबार में किसी भी स्थिति में दो फीसद से ऊंची दर व्यावहारिक नहीं होगी। इससे जहां सोना महंगा होगा, वहीं कारोबार में बिल लेने या देने की प्रवृत्ति पर भी असर पड़ेगा।